# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 28 मार्च, 1990 ई०

### (भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-वितरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार तिथि 28 मार्च, 1990 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष, **श्री गुलाम सरवर के सभापतित्व में प्रारंभ हुआ।**

---

पटना :
तिथि : 28 मार्च, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

**अध्यक्ष :** शांति, आपलोग कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए ।

**श्री महेन्द्र झा "आजाद":** अध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । अभी जीरो आवर चल रहा है, आपको निश्चित रुप से जानकारी होगी, इसके लिये नियम, प्रक्रिया बनी हुई है लेकिन जीरो आवर नियम और प्रक्रिया के तहत नहीं चल रहा है, इसीलिये सदन में शोरगुल हो रहा है । मैं निवेदन करुँगा कि नियम और प्रक्रिया के तहत विधान-सभा को चलाने की कोशिश की जाय । यदि यह परम्परा कायम रही तो कोई काम नहीं होगा और शोरगुल होता रहेगा ।

**अध्यक्ष:** ठीक है । माननीय सदस्यगण, 50 शब्दों से ज्यादा नहीं होना चाहिए और कार्यवाही शुरु होने के एक घंटा पूर्व जीरों आवर के संबंध में सूचना मिल जानी चाहिए ।

**श्री बिलट पासवान विहंगम :** 9 बजे लिया जाता है ।

**अध्यक्ष :** आप कृपया बैठिये, आप ही लोग समय नष्ट करना चाहते हैं । अब सदन की कार्यवाही चलने दीजिए ।

## (ञ) हजारीबाग में थोक विक्रेता द्वारा सब्जी बाजार पर जबरन कब्जा

**श्री देव दयाल :** अध्यक्ष महोदय, हजारीबाग नगर के मध्य में सब्जी खुदरा बाजार सैंकड़ों वर्षों से हैं । वहां लघु एवं सीमान्त किसान अपनी सब्जी बेचा करते हैं । कुछ वर्षों से थोक विक्रेता एवं बिचौलिये वहां की छावनी जबरन हथिया लिये हैं । लाचारी, स्थानाभाव में बिचौलियों के हाथ कम दाम

में सब्जी बेच कर वापस जाना पड़ता है । उनके राहत के लिये हजारीबाग एस०डी०ओ० जगह खाली करावें ।

**श्री कृष्ण वल्लभ प्रसाद सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैंने भी शून्य काल के लिये दिया था, मेरी भी बात सुन ली जाये ।

**अध्यक्ष :** अभी आप कृपया बैठ जाइये ।

**श्री अम्बिका प्रसाद :** अध्यक्ष महोदय, आप इनकी बात क्यों नहीं सुनिएगा ? मैंने इसीलिये प्वायंट औफ आर्डर उठाया था, जिन माननीय सदस्यों की तरफ से जोर दिया जाता है, उनकी बात सुनी जाती है और अन्य माननीय सदस्यों की नहीं ।

**अध्यक्ष :** शांति, आप कृपया बैठिए । मैं नाम पुकारता जा रहा हूँ, बारी-बारी से आप लोग बोलते जायंगे ।

## ( ट ) रोहतास तथा नौहट्टा प्रखंड में बिजली आपूर्त्ति बंद

**श्री जवाहर प्रसाद :** अध्यक्ष महोदय, सासाराम क्षेत्र में रोहतास तथा नौहटा प्रखंड में बिजली की आपूर्त्ति बंद है । किसानों को परेशानी हो रही है । ट्रांसफौर्मर नहीं रहने के कारण बिजली का बिल जमा करने की नोटिस दी जाती है । नियमित बिजली की व्यवस्था कराई जाय तथा बिल जमा करने की तिथि बढ़ाई जाय ।

## ( ठ ) घोसी थानान्तर्गत व्यक्तियों की हत्या

**श्री शिवाधार पासवान :** अध्यक्ष महोदय, 26 मार्च की रात्रि में घोसी थानान्तर्गत लखवार गांव में धन्नजय यादव